जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7452 / 2024 दिनांकः 19 नवम्बर, 2024

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–''संविधान दिवस'' दिनांकः 26.11.2024 को विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः ई–8516 / 32–जी0एस0 / 2024–XXI, दिनांकः 11 नवम्बर, 2024 (संलग्न) द्वारा **''संविधान दिवस'' दिनांकः 26.11.2024 को विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित** कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि **दिनांकः 22 नवम्बर, 2024** को उपरोक्त पत्र में वर्णित अधोलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर कराना सुनिश्चित करें:–

01. रंगोली प्रतियोगिता।
02. पेन्टिंग प्रतियोगिता।
03. भाषण प्रतियोगिता।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त **प्रतियोगिताएँ आयोजित करते हुए सम्बन्धित प्रथम विजेताओं का विवरण दिनांकः 24 नवम्बर, 2024** तक प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त विजेताओं को **दिनांकः 26 नवम्बर, 2024 को 'संविधान दिवस' के अवसर** पर विश्वविद्यालय में आयोजित **विश्वविद्यालय स्तरीय** प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु भेजने का कष्ट करें। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित फोटोग्राफ एवं वीडियो भी विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

नोटः– उक्त प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में डॉ0 रजनी चौबे, समन्वयक, मो0–9415440744 से सम्पर्क स्थापित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

डॉ0(रजनी चौबे)
समन्वयक

(एस0एल पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव